भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3077
जिसका उत्तर बुधवार 29 मार्च, 2017 को दिया जाना है

दुपहिया वाहनों को सीएनजी पर चलाया जाना

3077. डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दुपहिया वाहनों को सीएनजी पर चलाने संबंधी प्रणाली शुरू करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस दिशा में हाल ही में कोई प्रायोगिक कार्यक्रम भी शुरू किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह प्रणाली कब तक यथार्थ रूप धारण करेगी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): दुपहिया वाहनों को सीएनजी पर चलाने संबंधी प्रणाली शुरू करने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

(ग): जी नहीं। भारी उद्योग विभाग ने इस दिशा में कोई प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू नहीं किया है।

(घ): उपर्युक्त (क) और (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****